## खबर संक्षेप



### बाइकों के बीच हुई सीधी टक्कर, चार घायल

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के ओबरा टोल नाके के पास दो मोटर साइकिलों के बीच हुई भिड़ंत में तीन पुरुष और एक महिला घायल हो गए हैं। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए बरही के शासकीय अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक बरही थाना क्षेत्र निवासी वंशधारी जायसवाल एवं अशोक जायसवाल मोटरसाइकिल से अयोध्या से घर वापस लौट रहे थे। दोपहर लगभग 3:30 बजे जब वह ओबरा टोल नाके के समीप पहुंचे इस दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में उक्त दोनों के अलावा दूसरी बाइक पर सवार हजारी पटेल एवं एक अन्य महिला को चोटें आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां पर महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में व्यवस्था के लिये सौंपी जिम्मेदारी

**कटनी।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को पूरी आन.बान.शान से मनाये जाने निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह पुलिस लाईन झिंझरी में संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं के लिए उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा नगर निगम कटनी से संबंधित व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के सभी अधिकारी कर्मचारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी है। आयुक्त ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह पुलिस लाईन झिंझरी मैदान में सौंपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ समय.सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये है।

### योजनाओं की समीक्षा बैठक 27 जनवरी को

**कटनी।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार, 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सीईओ की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ द्वारा समीक्षा बैठक में मनरेगा कार्यों, जिला स्तर पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के लंबित प्रतिवेदन की समीक्षा, जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर विभागीय जांच प्रतिवेदनों की समीक्षा और जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर 15वें वित्त के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और पीएचई के कार्यपालन यंत्री, जिला पंचायत के संबंधित शाखा प्रभारी अधिकारियों को पीपीटी और वांछित अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

### दिल्ली की परेड में शामिल होगी किरण

**कटनी।** नगर की बेटी किरण अग्रवाल 26 जनवरी को दिल्ली लाल किले में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में परेड का अहम हिस्सा बनने जा रही हैं। परेड के प्रमुख बैंड दल में कटनी की बेटी किरण अग्रवाल ट्रंपेट का वादन करेंगी। किरण ने यह उपलब्धि हासिल करके समूचे जिले का मान बढ़ाया है। किरण अग्रवाल सिलवर टाकिज कम्पाउन्ड निवासी गोपाल दास अग्रवाल के पुत्र वेंकट अग्रवाल की पुत्री है। इस उपलब्धि के विषय में चर्चा करते हुए किरण की मां सुमन अग्रवाल बुआ नगर की प्रतिष्ठित महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शानू अग्रवाल एवं छोटी बहन सोना अग्रवाल ने कहा की नई दिल्ली के राजपथ पर 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान परेड दल में वे प्रदर्शन करेंगी। किरण परेड दल में ट्रंपेट का वादन करेंगी। मुख्य समारोह में हिस्सा लेने के लिए किरण दिल्ली रवाना हो चुकी है।

### बस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर लाश मिलने से मची सनसनी

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत, हत्या का संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैंड चौकी से चंद कदमों की दूरी पर रचना नगर मोड़ के पास चंडिका नगर निवासी 23 वर्षीय एक पेट्रोल पंप कर्मचारी की लाश मिलने से खलबली मच गई है। कटनी जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 50 कदम की दूरी पर रात भर युवक की लाश पड़ी रही। सुबह लगभग 11 बजे लोगों ने घटना की सूचना बस स्टैंड चौकी में दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की लाश पाए जाने के कारण स्थानीय लोग हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं।

#### रात भर पड़ी रही लाश

कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत चंडिका नगर निवासी 23 वर्षीय प्रवीण चौबे पिता मुकेश चौबे की लाश बुधवार सुबह लगभग 11:00 बजे बस स्टैंड चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर रचना नगर मोड़ पर सड़क किनारे पाई गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक की लाश रात भर सड़क किनारे पड़ी रही लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सुबह लगभग 11 बजे जब लोगों का ध्यान इस तरफ गया तो उन्होंने घटना की सूचना बस स्टैंड चौकी पुलिस को दी।



#### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

घटना के संबंध में बातचीत करते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर जब पुलिस पहुंची तो वहां पर एक कबाड़ खड़े ऑटो के पास युवक की लाश पड़ी हुई थी। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर में किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मुंह से खून गिरने के निशान जरूर पाए गए हैं। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृतक का शव परीक्षण कराया जा रहा है इसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक शराब पीने का आदी था और तुनक मिजाज भी था जिस कारण उसकी मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। मृतक युवक पन्ना तिराहे के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करता था।

#### हार्ट अटैक से सीईओ की मौत

कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना मोड में किराए के आवास में रहने वाले एवं पड़ोसी जिले पन्ना के शाहनगर जनपद पंचायत में पदस्थ सीईओ प्रसन्न चक्रवर्ती 30 वर्ष की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जाता है कि मंगलवार की देर शाम वे शाहनगर से लौटे थे और खाना खाने के बाद कमरे में पहुंचे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आवास में वह अकेले रहते थे। प्रसन्न चक्रवर्ती की पत्नी उनके पैतृक नगर ओरछा छतरपुर में रह रही थी। तबीयत बिगड़ने के बाद उनके वाहन चालक ने स्वजनों को सूचना दी और उसके बाद उनको निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर जांच के बाद उनको मृत घोषित कर दिया गया। 30 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से जनपद सीईओ की मृत्यु की खबर सुनकर जनपद पंचायत शाह नगर सहित जनपद कटनी, जिला पंचायत कटनी के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। बुधवार की सुबह उनके शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव स्वजनों को सौंप दिया गया है।

## खरीदी प्रभारी सहित प्रबंधकों का 15 दिन का वेतन हुआ राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में धान उपार्जन अवधि में भोपाल की टीम के निरीक्षण के दौरान जिले में खरीदी केन्द्रो द्वारा नान एफ.ए.क्यू धान का उपार्जन भंडारण किये जाने संबंधी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सहायक आयुक्त सहकारिता को प्रकरण के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए। सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर खादय शाखा द्वारा गठित संयुक्त जांच दल द्वारा 16 जनवरी को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अमानक धान उपार्जित किए जाने पर 18 सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित 24 उपार्जन केन्द्रों के खरीदी प्रभारियों एवं प्रबंधकों के विरूद्ध उपार्जन नीति के प्रावधानों के तहत 15 दिवस का वेतन, पारिश्रमिक राजसात करने की कार्यवाही की जाकर भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति न करने के संबंध में चेतावनी भी दी गई।

#### इन पर हुई कार्यवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जिन खरीदी केन्द्रो पर कार्यवाही की गई है उनमें प्रियर्दशनी विपणन सहकारी समिति मयार्दित विजयराधवगढ़, (सिनगौडी), विपणन सहकारी समिति मर्या बहोरीबंद, विपणन सहकारी समिति मर्यादित रीठी, विजयराधवगढ, पिपरियाकलॉ, सलैया कोहारी, उमरियापान, खाम्हा, सिलौडी, बकलेहटा, रीठी, कूडा, चांदनखेडा, पथराडी - पिपरिया, कूडन, बरही बाकल, देवरीमंगेला, गुरजीकला, बगैहा, देवगांव ,हरद्वारा, पडरभटा, भूला, झिन्नपिपरिया का नाम शामिल है।

### आज 11 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 जनवरी को जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत जुजावल व पड़वार, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पौनिया व धरवारा, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत भनपुरा 2 जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत घुड़हर व बड़खेरा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत तिमुआ व उबरा सहित जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत विलायत कला एवं सुड्डी पहुंचेगी।

**आवश्यक बिन्दुओ का समावेश करने दिये गए सुझाव**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेबल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेबल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सुविध शाह, ई.डी. एमपीआईडीसी ज्वाइंट डीजीएफटी इंदौर द्वारा डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट एक्शन प्लान, एमपीआईडीसी के द्वारा एक्पोर्ट संबंधित विषय पर एवं आई सी डी एक्सपोर्ट के बारे में प्रेजेण्टेशन प्रस्तुत किया गया। साथ ही एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी जिले में चयनित उत्पाद कटनी स्टोन के संबंध में वर्तमान प्रगति से समिति को विस्तार से अवगत कराया गया।



बैठक में कटनी डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्लान के अनुमोदन के संबंध में विभिन्न उद्योग संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा की गयी। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा कटनी डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्लान में कुछ आवश्यक बिन्दुओं का समावेश करने हेतु सुझाव दिये गये ।

इस बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, एमपीआईडीसी जबलपुर प्रतिनिधि, मनीष गेई, अध्यक्ष, जिला उद्योग संगठन, अरूण सोनी, प्रदेश महामंत्री, लघु उद्योग भारती, हरिसिंह भदौरिया, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, अरविंद गुगालिया, अध्यक्ष कटनी रिफैक्टरीज एसोसियेशन, पवन मित्तल, अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कामर्स, संजय अग्रवाल, अध्यक्ष लमतरा औद्योगिक संघ, लक्ष्मी डोडानी, सचिव राईस मिल एसो०, ब्रजकिशोर भार्गव, अनिल नागरथ, मुरलीधर रतनानी, मे0 अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेछ कटनी, मेसर्स जे.के. व्हाइट सीमेंट, प्रतिनिधि, मेसर्स ए.सी.सी. सीमेंट कैमोर, एनिट एफ विश्वास, प्रतिनिधि मेसर्स केल्डीज इंडिया रिफेक्ट्रीज, एवं विभिन्न उद्योगपति उपस्थिति रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल



गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम रिहर्सल मंगलवार की सुबह झिंझरी स्थित पुलिस ग्राउण्ड में संपन्न हुई। इस दौरान हर्ष फायरिंग, परेड, सलामी, परेड कमांडर की अगुवाई मे मार्च पास्ट तथा प्लाटून कमांड़र से परिचय प्राप्त करने की अंतिम रिहर्सल की गई। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आगंतुको की बैठक व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद , पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, एस .डी .एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल सहित उपायुक्त पवन अहिरवार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी व कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

## ई.व्ही.एम.-व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का अवेयरनेस कैंपेन 25 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्व निर्वाचन की घोषणा को आधार मानते हुए, तीन माह पूर्व ई.व्ही.एम.-व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का अवेयरनेस कैंपिंग प्रारंभ किए जाएं। इस आधार पर ई.व्ही.एम.-व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का अवेयरनेस कैंपेन 25 जनवरी से प्रथमतः जिला कार्यालय, विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय, राजस्व के अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालयों पर ई.व्ही.एम. डेमोंसट्रेशन सेंटर (ई.डी.सी.) की स्थापना कर 25 जनवरी से ही प्रारंभ किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र 91-बड़वारा, 92-विजयराघवगढ़, 93-मुड़वारा एवं 94- बहोरीबंद से कहा है कि उपरोक्तानुसार आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में ई.व्ही.एम. मैनुअल के अध्याय 5 अनुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विधानसभा मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. डेमोंसट्रेशन सेंटर (ई.डी.सी.) की 25 जनवरी 2024 से स्थापना कर मतदान जागरूकता हेतु ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का व्यापक एवं सतत प्रचार-प्रचार करना सुनिश्चित किया जाए। जिस हेतु निर्धारित सूची अनुसार बी.यू-02, सी.यू.-02 एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. तथा उनके उपयोग हेतु पांच-पांच बैटरियां एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. पेपर रोल-05 एवं 01-फ्लेक्स (6 फुट ग 6 फुट) कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से अनिवार्य रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाये तथा ई.व्ही.एम. डेमोंसट्रेशन सेंटर (ई.डी.सी.) के संचालन की प्रथम रिपोर्ट प्रोफ्रोमा-प्प में 28 जनवरी 2024 से निरंतर प्रतिदिन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराये। ई.व्ही.एम. डेमोंसट्रेशन सेंटर (ई.डी.सी.) के व्यापक प्रचार-प्रसार के दौरान व्ही.व्ही.पी.ए.टी. में पड़ने वाली पेपर स्लिप का प्रतिदिन श्रेडिंग कर विनिष्ट करना सुनिश्चित किया जाये।

**कलेक्टर ने आदेश जारी कर नियुक्त किये नोडल अधिकारी**

## निर्वाचन के दौरान शेष बचे 14 ग्राम पंचायतों में 25 जनवरी से आयोजित होगी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की 14 ग्राम पंचायतों मे पंचायत उप निर्वाचन कार्य के मद्देनजर लागू आचार्य संहिता की वजह से यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन अब 25 जनवरी से किया जा रहा है।

वर्तमान में चुनाव कार्य सम्पन्न हो जाने के फलस्वरूप जनपद पंचायतों से नवीन तिथि प्राप्त कर विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु रुट चार्ट तैयार किया जाकर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है।

कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत विलायत कलॉ में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं ग्राम पंचायत सुड्डी में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी। 26 जनवरी को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत जिर्री में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं ग्राम पंचायत झिन्ना पिपरिया एवं भमका में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी।

इसी तरह 27 जनवरी को जनपद पंचायत ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत अंतर्वेद में 27 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं ग्राम पंचायत बरही में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी। जबकि 28 जनवरी को जनपद पंचायत ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत दादर सिंहुडी में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं ग्राम पंचायत घाना में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत देवरी मझगवां में 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं ग्राम पंचायत टिकरिया में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी। जबकि 27 जनवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत रजरवारा नंबर 2 में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं देवरा खुर्द में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक यात्रा आयोजित की जायेगी। इसी तरह 26 जनवरी को जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत बिरूहली में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे सके इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों ओर विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में 16 दिसम्बर से प्रारंभ की गई है। संकल्प यात्रा के दौरान अलग-अलग तिथियों में निर्धारित ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसके साथ ही आई.ई.सी. वैन में यात्रा आयोजन के दौरान मुख्य रूप से विभागों के द्वारा अपने-अपने स्तर से अलग-अलग लाभार्थियों तथा आमजन की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये इन कार्यक्रमों में स्टॉल लगाये जाने निर्देश दिये हैं।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हुआ जिला स्तरीय सम्मान समारोह

## हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही बालिकाएं, करेंगे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर अवि प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को अपनी रूचि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि आज बालिकाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। बालिकाएं कड़ी मेहनत कर आत्मनिर्भर बनें एवं इस हेतु जिला प्रशासन कटनी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी उनकी हर संभव सहायता करेगा। उन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में सफल बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाओं की उपलब्धि की सराहना हेतु प्रत्येक दिवस को बालिका दिवस के रूप में मनाना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद, द्वारा शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह द्वारा बाल लिंगानुपात, लैंगिक समानता एवं बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सुश्री वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक, मनीष तिवारी संरक्षण अधिकारी एवं श्रीमती अनुपमा आटे, प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कटनी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, वन स्टॉप सेन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं महिला हेल्प लाईन 181 के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमती पूजा द्ववेदी, जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला-कटनी एवं विजय भार ,जिला खेल अधिकारी, जिला कटनी द्वारा उपस्थित बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्म निर्भर बनने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं उनके अभिभावकों एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश अनुसार प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का उद्देश्य है कि बालिकाओं को भी बालकों के समान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं विकास के समान अवसर उपलब्ध हों, समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो एवं बालिकाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता लायी जा सके।

## शासकीय उमावि बसाडी का छात्र जिले में अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में 23 जनवरी 2024 को संपन्न हुआ उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं जैसे निबंध लेखन चित्रकला तात्कालिक भाषण नृत्य गायन आदि की प्रतिस्पर्धा हुई जिसमें जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाडी के होनहार छात्र दीपक पटेल ने सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर बसाडी विद्यालय का जिले में नाम रोशन किया है छात्र की इस विशेष उपलब्धि के लिए शाला के प्राचार्य जे एल बुनकर, मार्गदर्शी शिक्षक डॉ विजय पटेल , योगेंद्र राम पटेल एवं एनपी पटेल, श्रीमती पुष्पलता दुबे, श्रीमती पूनम गुप्ता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं व छात्र दीपक पटेल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप



### बांधा मंदिर में आज पूर्णिमा की महाआरती

**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में आज 25 गुरुवार को पोषी पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य महाआरती होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, ए. पी. चतुर्वेदी, सीताराम मिश्रा, सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, मनोज पाठक, राघवेंद्र दुबे, ओम प्रकाश दुबे, पप्पू पाठक, शैलेंद्र विश्वकर्मा, बहादुर कुशवाहा, बडू सिंह आदि ने समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### अब तक साढे.चार हजार से अधिक राजस्व प्रकरण निपटे

**कटनी।** जिले मे राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व विभाग से संबंधित मामलों में नक्शा शुद्धिकरण, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण और सीमांकन को मिलाकर कुल 4 हजार 444 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व विभाग का यह दायित्व है कि भूमि से संबंधित मामलों का तत्परता से निराकरण हो। अधीक्षक भू- अभिलेख डॉ राकेश कुमार ने बताया कि गुरूवार को राजस्व महाअभियान के तहत जिले की 9 तहसीलों में 15 जनवरी से 23 जनवरी तक सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण कुल 4 हजार 444 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें सीमांकन के कुल 2751 मामले और बटवारा के 172 मामले तथा नामांतरण के 1521 मामलों का निपटारा किया गया।

### जर्जर व सूखे कुंए को कराया गया समतल

**कटनी।** सुरक्षित आवागमन और आम जनमानस के लिए खतरनाक साबित हो सकने वाले गड्ढों और जर्जर जलस्रोतों में सुधार हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देशित किया है की इस प्रकार की शिकायतें सामने आने पर इनका अविलंब निराकरण किया जाए और ऐसे कार्यों के प्रति लापरवाही न बरती जाए। विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डोकरिया के सुदामापुरी मोहल्ले में स्कूल परिसर के सामने जर्जर सूखे कुंए की वजह से कभी भी हादसा घटित होने की आशंका संबंधी मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ को मामले पर उचित कार्यवाही किए जाने निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से संबंधित क्षेत्र का मौका मुआयना कराकर कार्यवाही कराई गई। जिसमें क्षतिग्रस्त सूखे कुंए को पूरकर समतल कर दिया गया है। वर्तमान में अब स्थल पर कसी भी प्रकार की जनहानि होनें की संभावना नहीं है।

### बकाया संपत्तिकर एवं जलकर के लिए शिविर

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया वसूली हेतु 11 जनवरी 2024 से निरंतर वार्डो में जगह.जगह शिविर लगाये जा रहे है। इसी क्रम में 24 जनवरी को वार्ड क्रमांक 22 23 25 26 के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की वसूली हेतु सुभाष चौक में शिविर लगाया गया जिसमें सभी वार्डो से संपत्तिकर एवं जलकर की 69 रसीदों के माध्यम से लगभग पॉच लाख अठारह हजार की वसूली की गई।

## रीठी क्षेत्र के कैना बीट में जंगल से दूर पड़ा मृत तेंदुआ, कारण अज्ञात

# खेतों के समीप तेंदुआ का मिला शव, जबलपुर की टीम आकर करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी क्षेत्र के कैना बीट के पास टहकारी के जंगल से दूर खेतों के पास बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे लोगों ने तेंदुए की लाश पड़ी देखी। खेतों के पास शव देखे जाने के बाद लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल की जांच करते हुए डॉग एस्कॉर्ट को बुलवाकर प्राथमिक जांच कराई है लेकिन अभी भी जांच पूरी नहीं हो पाई है घटनास्थल की जांच करने के लिए जबलपुर से विशेषज्ञों की टीम भी बुलवाई गई है।

प्राथमिक जांच में अभी तक तेंदुए की मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि जब तक मृत्यु का शव परीक्षण नहीं हो जाता तब तक मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सकते। जिस स्थल पर तेंदुए का शव पाया गया है वह स्थल जंगल से काफी दूर है और



खेतों से सटा हुआ है। जंगल से दूर और खेतों के पास तेंदुआ कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई यह गुत्थी अभी भी सुलझाई नहीं जा सकी है। अधिकारी तेंदुए की मौत को स्वाभाविक ना मानकर जांच में जुटे हुए हैं। संभावना व्यक्त करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि हो सकता है तेंदुआ किसी विपरीत परिस्थितियों में फंसा हो जिसके कारण उसकी मौत हो गई हो।

### डाक्टरों की टीम बुलाई : डीएफओ

डीएफओ गौरव शर्मा ने कहा कि प्राथमिक जांच में तेंदुए की मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चल पाया है। डॉक्टरों की टीम बुलाई जा रही है। शव परीक्षण कराने के उपरांत ही मौत के वास्तविक कारणों का पता लग पाएगा।

### मशीन में फंसा मजदूर का हाथ

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एसीई कैलडरिस कंपनी में काम कर रहे एक मजदूर का हाथ मशीन में फंसने के कारण कट गया। घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिए कंपनी के कर्मचारी कटनी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय शरद द्विवेदी एसीई कैलडरिस कंपनी कटनी में ठेका कर्मचारियों के तौर पर काम करता है। गत शाम लगभग 6:30 बजे वह जब कंपनी के अंदर एक मशीन में काम कर रहा था इस दौरान उसका राइट हैंड मशीन की चपेट में आ गया। मशीन की चपेट में मजदूर का हाथ आने के बाद किसी तरह कंपनी के कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाल और कंपनी के अधिकारी उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान उसका राइट हैंड आधा काटना पड़ा है। इस पूरे मामले को लेकर कंपनी के अधिकारी चुप्पी साधे रहे।



# निर्माण कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही नहीं बरतने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पानी की सुगम निकासी एवं जलजमाव की समस्या से वार्ड के नागरिकों को निजात दिलाने हेतु नगर निगम कटनी द्वारा इश्वारिपुरा वार्ड में मुख्य सड़क पर विगम 15 से 20 दिनों से क्रास ड्रेन नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है,जिसका औचक निरीक्षण निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें पार्षद एवं एम.आई.सी मेंबर के साथ किया निरीक्षण के दौरान श्री पाठक ने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार प्रभात तिवारी को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए साथ ही कार्य गुणवत्ता के साथ किए जाने के साथ ही निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की अनियमितता न बरती जाएं इस बात का विषेष ध्यान रखें ।

### आवागमन का रखें ध्यान

निगम अध्यक्ष मनीष पाठक नें ठेकेदार से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्य सडक होने के कारण शहर के नागरिकों का आवागमन अधिक रहता है नागरिको को असुविधा न हो इस बात का विषेष ध्यान रखा जावे नर्माण सामग्री बीच सडक पर न रखें साथ ही निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें । निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी. मेंबर शशिकांत तिवारी, पूर्व पार्षद राज किशोर यादव, प्रभात तिवारी ठेकेदार, दानिष अहमद आदि मौजूद रहे।

*बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र केन्द्र तक पहुंचाने सौंपे गए दायित्व*

# अनुपस्थित 20 लोक सेवकों पर जताई नाराजगी, शोकाज जारी करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंडल द्वारा संचालित सत्र 2023- 24 में आयोजित होने वाली हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल की परीक्षाओं के दौरान 5 एवं 6 फरवरी को परीक्षा दिवस पर संबंधित थाने से प्रश्नपत्र निकालने एवं संबंधित परीक्षा केंद्र तक केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष के साथ सुरक्षित पहुंचाने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इस कार्य हेतु 100 लोक सेवकों को दायित्व सौंपे गए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान 20 लोक सेवकों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोक सेवकों को अत्यंत गंभीरता के साथ दायित्वों के निर्वहन हेतु जरूरी टिप्स दिए। प्रशिक्षणार्थियों को जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस सौरभ नामदेव द्वारा संबंधित ऐप के डाउनलोड करने एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, राजेश अग्रहरि, अभय जैन और नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

### गैरहाजिर रहने पर समक्ष में उपस्थित होकर देना होगा जवाब

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने अनुपस्थित लोक सेवकों से अनुपस्थित रहने के संबंध में 25 तारीख को 11बजे समक्ष में उपस्थित होकर जवाब मांगा है तथा ई दक्ष केंद्र में पुनः आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेने के निर्देश दिए हैं अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का उल्लेख किया है।

## झिंझरी में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन



झिंझरी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की उपशाखा केंद्र में प्रभारी ज्योति बहन के नेतृत्व में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भाई बहनों द्वारा परमात्मा के ध्यान के पश्चात ज्ञान मुरली का श्रवण कर योग अनुभूति कार्यक्रम को आयोजित किया गया । जिसमे शैलेंद्र पांडे,रोहित दास, पीयूष सोनी,अमित विश्वकर्म,विकास कुरारिया,अनुराग शर्मा,प्रेम जैसवाल,परमेशवरदीन यादव,शिवम कुदारह,पिंकी यादव, सुरेंद्र साहू द्वारा शिव बाबा और ब्रम्हा बाबा को पुष्प अर्पित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया ।सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि सन्यास घर बार नहीं बल्कि विकारों को छोड़ना है । परमात्मा योग की विधि सिखला रहे हैं मन को मित्र बनाकर इंद्रियों को आकर्षण से मुक्त करना योग की पहली सीढ़ी है ।इसमें साधन का प्रयोग वर्जित नहीं है किंतु भौतिकता और आध्यात्मिकता में एक संतुलन बनाना आवश्यक है ।



# 15 लाख से बनने वाली लाइब्रेरी का महापौर ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा संचालित के.सी. एस स्कूल में कलेक्टर अविप्रसाद प्रसाद के सराहनीय योगदान से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से लायब्रेरी बनायी जायेगी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में लाइब्रेरी का भूमि पूजन किया।इस मौके पर महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को लाईब्रेरी से ज्ञान वर्धक पुस्तकों का एक स्थान पर संग्रह मिलेगा।गरीब छात्रों के लिये अध्ययन कार्य की सुविधाएं मिलेगी।

इस दौरान एमआईसी मेंबर एवं स्थानीय पार्षद अवकाश जायसवाल, बीना बैनर्जी ,सुभाष साहू, रमेश सोनी, शशिकांत तिवारी पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, उमेंद्र अहिरवार, पूर्व पार्षद डब्बू रजक ,आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, केसीएस प्राचार्य मौजूद रहीं।

*आदिशक्ति मंदिर माधवनगर में चल रहा था आयोजन*

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर 7 दिनी धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्री आदिशक्ति मंदिर समदडिया सिटी माधवनगर कटनी मे विश्व मे हिन्दू आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक श्रीराम मन्दिर अयोध्या मे नूतन अलौकिक, भव्य, दिव्य श्रीराम मंदिर मे हमारे आराध्य प्रभु श्रीरामलला अपने जन्म स्थल पर 500 वर्षो के घोर संघर्ष के पश्चात फिर से विराजमान हुये। इस पावन पवित्र सुअवसर का साक्षी बनने और इस पल को हमे अपने नेत्रों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

श्री आदिशक्ति मंदिर परिसर मे 07 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सभी रामभक्तों के सहयोग से गौरवपूर्ण आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की श्रृंखला मे संगीतमयी सुन्दर काण्ड पाठ, महाआरती, भजन-



कीर्तन, शक्ति उपासना, दुर्गा चालीसा, हनुमान चालीसा, श्रीराम संकीर्तन श्रीराम जाप, विजय महामंत्र, भव्य कलश एवं शोभायात्रा मे भगवान श्रीराम दरबार, हनुमान जी, शंकर जी, भारत माता की जीवंत झाकियाँ शोभायमान थी। सुप्रसिद्ध भजन गायक संजू नाकरा जी, राजू ग्रोवर जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति, श्रीराम जयघोष से श्रद्धालुओं का मन हर्षोल्लास से भक्तिमय राममय हो गया।

21 जनवरी को श्रीराम चरित अखंड मानस बैठकी, 22 जनवरी को प्रातः अखंड मानस पूर्ति भजन-कीर्तन, श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा सीधा प्रसारण, तत्पश्चात महायज्ञ वैदिक अनुष्ठान, महाप्रसाद, संध्याकाल मे महाआरती, श्रीराम ज्योति दीपोत्सव कार्यक्रम सांस्कृतिक संध्या, आतिशबाजी राम भोग के साथ सभी श्रीराम भक्तों ने राम दिवाली की एक दूसरे को शुभकामनायें सहित बधाईयाँ दी।

समस्त सनातनी राम भक्तों श्री आदिशक्ति मंदिर परिवार, सम्मानीय मातृशक्तियाँ धर्म प्रेमी जन को 07 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मे अतुलनीय सहयोग प्रदान करने हेतु हम सभी के आराध्य देव भगवान श्रीराम से करबद्ध प्रार्थना करता हूँ सभी भक्तजनों को अपने श्री चरणों मे अपार श्रद्धा, भक्तिभाव, आस्था, शांति, प्रेम सद्भाव, निरोगी, सुख समृद्धि के लिए कामना करता हूँ।

## 6 जनपद पंचायत की 12 ग्राम पंचायतों में सम्पन्न संकल्प यात्रा

# हितग्राहियों को किया गया लाभांवित, अधिकारियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने बुधवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों के 12 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत केवलारी में आयोजित शिविर के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय ग्रामीणों सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,





प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये। स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाकर विभागीय अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया इस दौरान केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार बुधवार को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बिचपुरा एवं करौंदीकलॉ, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत गौरहा व कंडा मर्दानगढ, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के महगवां बड़खेरा व उमरियापान जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत केवलारी एवं छहरी, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत पटौंहा व जमुनिया सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत धवैया व जारारोडा पहुंची।

# रेल यात्री को डंडा मार कर लूटा मोबाइल, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के स्टेशनों के आउटरों में यात्री अभी भी सुरक्षित नहीं है। ट्रेन के गेट पर खड़े होकर सफर कर रहे लोगों के मोबाइल लूटने का गिरोह लगातार सक्रिय है और जीआरपी उनपर लगाम नहीं लगा पा रही है। एक बार फिर से कटनी स्टेशन के आधारकाप के पास लुटेरों ने एक युवक को डंडा मार कर मोबाइल छीना। जिसमें युवक गिरा और गिरकर घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार उप्र शंकरगढ़ निवासी अमित यादव पिता जुग्गीलाल यादव 21 वर्ष मंगलवार की शाम को ट्रेन के गेट पर खड़ा हुआ था। जैसे ही ट्रेन स्टेशन के आधारकाप आउटर के पास पहुंची। लुटेरों ने उसके हाथ में डंडा मार कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जिसमें मोबाइल के साथ युवक भी नीचे गिरा और गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल यात्री जिला अस्पताल पहुंचा। जहां पर उसका इलाज किया गया और इलाज के बाद वह अपने घर को रवाना हो गया।

### आउटरों में पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

इससे पहले भी स्टेशन के आउटरों में मोबाइल लूटने के दौरान बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें एक युवक को जहां अपना पैर गवाना पड़ा था तो दो युवक गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रेफर किए गए थे। उसके बाद जीआरपी ने आउटरों में गश्त बढ़ाई थी लेकिन पुलिस की गश्त कम होते ही लुटेरों ने फिर से घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### भारत पर्व के सफल आयोजन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की संध्या पर लोक उत्सव ?भारत पर्व? का आयोजन मानस भवन दमोह मे शाम 06 बजे से किये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं तथा स्थानीय व्यवस्थाओं के लिये कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने संयुक्त कलेक्टर दमोह अविनाश रावत को नोडल अधिकारी तथा उनके सहयोग एवं भारत पर्व के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। पूर्व में डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा को सहायक नोडल अधिकारी/फ्लैक्स, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दमोह को सहायक नोडल अधिकारी/ माईक, कुर्सी, सोफासेट, बिछायत, लाईट एवं साउंड, आमंत्रित अतिथियों की बैठक व्यवस्था, चाय, कॉफी, नाश्ता तथा अतिथि कलाकारों की भोजन व्यवस्था, शासकीय कन्या हाई स्कूल अभाना के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर को कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वय/मंच संचालन, तहसीलदार दमोह मोहित जैन को कार्यक्रम दल के साथ संपर्क तथा आवास व्यवस्था (रेस्ट हाउस/सर्किट हाउस दमोह) प्रभारी/ भोजन, जनसंपर्क अधिकारी बाय.ए. कुरैशी को प्रदर्शनी एवं प्रचार-प्रसार, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान दमोह मुकेश द्विवेदी को फूल माला एवं पुष्पगुच्छ, अतिथि कलाकारों को कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार एवं चाय व्यवस्था तथा शिक्षक विपिन चौबे एवं शिक्षक दिलीप जोशी को मंच संचालन हेतु नियुक्त किया है।

### चोरी का मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

**गुनौर।** थाना गुनौर क्षेत्र अंतर्गत द्वारा फरियादी दीपेंद्र पटेल निवासी गुनौर ने थाना गुनौर में उपस्थित होकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 20/12/23 को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसका वीवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर लिया है फरियादी की उक्त सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्र. 28/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया था।

### खंड स्तरीय जल निगम की कार्यशाला का हुआ आयोजन

# विकासखंड के वंचित 80 गांव को जल निगम ने परियोजना में जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा ग्रामीण समूह जलप्रपात परियोजना इकाई दमोह के तत्वाधान में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवचरण पटेल के मुख्य आतिथ्य में एसडीएम रीता डेहरिया, जनपद सीईओ बीएस यादव, संस्था सचिव रंजीत सिंह ठाकुर, समन्वयक डॉक्टर मनोज राज की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल जी कहां कि केंद्रीय कि मोदी सरकार द्वारा गांव की प्रत्येक घरों में नल से पानी पहुंचाने का कार्य किया गया जिसकी कभी लोगों ने कल्पना भी नहीं की थी कि गांव के घरों में भी नल से शुद्ध स्वच्छ पानी मिलेगा। हटा विकासखंड में जो पिछली कार्यशाला के दौरान लगभग 80 गांव छूट गए थे वह आप सभी गांव जल निगम द्वारा सम्मिलित कर लिए गए हैं और शीघ्र ही इन गांव में नल जल योजना का कार्य प्रारंभ किया जावेगा सभी सरपंच सचिव अपने-अपने गांव के घरों में नल लगाये जाने हेतु सर्वे कर लोगों के नाम जोड़ने कार्य करा लें ताकि कोई भी परिवार पानी से वंचित न रह सके। इसके पूर्व एसडीएम रीता डेहरिया ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जल निगम द्वारा गांव में पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन डालें जो कार्य किया जा रहा है उसमें पुरानी व्यवस्था को ध्यान में रखकर कार्य करें ताकि सड़कों क्षतिग्रस्त न हो क्योंकि हम जो जनता को सुविधा पहुंचते हैं उसमें उनको असुविधा भी ना हो हम जब किसी व्यवस्था में लोगों को जोड़ते हैं तो उसमें सामंजस्य बना के कम करें। गांव में पानी की उपलब्धता होती है तो उसे स्वच्छ जल कैसे बनाएं इस प्रकार की समझाएं सभी लोगों को दें क्योंकि पानी के अभाव में जो गांव ग्रस्त हैं उन्हें स्वच्छ जल उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को लाभ दिलाना ही निगम का कार्य है। इसके उपरांत कार्यशाला में उपस्थित सीबीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, स्वच्छ जल का सही तरीके से उपयोग किया जाए तो बीमारियां नहीं फैलेगी और जब समाज में बीमारी नहीं फैलेगी तो स्वस्थ्य समृद्धिशाली क्षेत्र होगा। कार्यशाला के अंत में डॉक्टर मनोज राज ने बताया कि विकासखंड जो 80 गांव सम्मिलित किए गए हैं वहां पर जल मिशन का काम आगामी मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। कार्यशाला के दौरान जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल, खेमचंद पटेल, गंगाराम पटेल, मैनेजर मेघा कुशवाहा, कल्पना ठाकरे, अभिषेक पांडे मानवेंद्र शुक्ला, राजा राजपूत, रविंद्र सिंह लोधी साहित्य सरपंच सचिवों की उपस्थिति रही।

# प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के समापन पर जल विहार यात्रा भक्ति में डूबे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम के प्राचीन खेर माता मंदिर भगवान श्री राम लला श्री राधे कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का पूर्णाहुति विशाल जल विहार यात्रा के साथ समापन हुआ। इसके पहले विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया भगवान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यह पांच दिवसीय यज्ञ का भव्य और दिव्य आयोजन का आज समापन हुआ है। जिसमें शामिल होकर हजारों लोगों ने इस महायज्ञ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को भव्यता और दिव्यता प्रदान की। पांच दिवसीय भव्य आयोजन में पूरे ग्राम का माहौल भगवान श्री राम की भक्ति मय हो चला था और भगवान की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने जल विहार यात्रा में शामिल होकर भक्ति उल्लास के साथ खूब रंग गुलाल उठाते हुए झूमते नाचते बनवार खेर माता मंदिर से प्रारंभ हुई। जल विहार यात्रा पतित पावनी ब्यारमा में नदी तट पहुंची जहां आवाहित देवी देवताओं की पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना के साथ जो देव जहां से आए उसे स्थान के लिए विदाई दी गई। और मंगल गान करते हुए एक दूसरे को रंग लगाते हुए राम काज में की सहभागिता भक्ति का यह उत्सव यादगार बना दिया। समापन बेला में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने जहां पुण्य लाभ अर्जित किया वहीं पूरे क्षेत्र में बनवार ग्राम में 22 जनवरी भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कि यह भव्य आयोजन की दिव्यता एवं भव्यता की खूब चर्चाएं हो रही। क्योंकि भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में तन मन धन से पूर्ण सहयोग किया आयोजन भव्यता प्रदान की।

# दमोह के कलाकारों ने प्रदेश में फहराया अपनी कला का परचम

### युवा नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा भगवान श्री हनुमान जी के जीवन चरित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्री रामचरित लीला समारोह का आयोजन 16 जनवरी से 21 जनवरी तक मध्य प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर किया गया। इसी समारोह के अंतर्गत रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा भगवान श्री हनुमान जी के जीवन चरित्र पर केंद्रित श्री हनुमान लीला का मंचन मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानो पर किया गया। नोहटा में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में हुआ। मंचन। संस्था द्वारा 16 जनवरी को कुंडेश्वर धाम टीकमगढ़, 17 जनवरी खजुराहो, 18 जनवरी सलेहा पन्ना, 19 जनवरी सिग्रामपुर दमोह ,20 जनवरी नोहटा दमोह, एवम 21 जनवरी को दमोह में श्री भगवान हनुमान जी के जीवन पर केंद्रित श्री हनुमान लीला का मंचन किया गया । नाटक का निर्देशन राजीव अयाची द्वारा किया गया। लीला का आलेख मध्य प्रदेश के वरिष्ठ लेखक श्री योगेश त्रिपाठी द्वारा किया गया है। भगवान हनुमान जी द्वारा सूर्य को निगलने की घटना से प्रारंभ होकर देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हनुमान जी प्रभु श्री राम की सेवा के लिए तैयार हो जाते है। भगवान श्री राम का वानर राज सुग्रीव से मिलना और फिर हनुमान का लंका जाकर माता सीता से मिलना लंका दहन करना,लक्ष्मण और मेघनाथ का युद्ध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाना, मेघनाथ वध, राम रावण युद्ध, रावण का वध प्रभु श्री राम का अयोध्या लौटना और राज्याभिषेक जैसे दृश्य को इस नाटक के माध्यम से बहुत सुंदरता के साथ दिखाया गया। नाटक में सुंदर दृश्य के माध्यम से अलग-अलग घटनाओं का चित्रण किया गया साथ ही अनेक दृश्य को लाइट एवं साउंड के माध्यम से जीवंतता प्रदान की गई । दो घंटे से ऊपर की अवधि के इस नाटक में कलाकारों ने सशक्त अभिनय एवं सुंदर नृत्य रचनाओं के माध्यम से इसे बेहद प्रभावी बना दिया। नाटक में अलग अलग भूमिकाओं में रावण अनिल खरे , शंकर जी राकेश अयाची , माता अंजनी एव पार्वती अमृता जैन, सूत्रधार पंकज चतुर्वेदी, राम अनुनय श्रीवास्तव, लक्ष्मण ध्रुव राय, माता सीता शिवानी वाल्मिक, बाल हनुमान सानिध्य खरे एवम हनुमान जी नयन खरे, मेघनाद एहकाम खान,सुग्रीव पारस गर्ग, संपाती एवं सुषेण वैद्य देवेश श्रीवास्तव, सुरसा एवम लंकनी दीक्षा सेन , विभीषण हरिओम खरे ,इंद्र देव राजेश श्रीवास्तव सत्यम उपमन्यु , हर्ष विश्वकर्मा ,देवांश सिंह राजपूत , अनुभव श्रीवास्तव, कृष्णा गुप्ता , विवेक गर्ग,संजय खरे, आयुषी अयाची , नैंसी गुप्ता अपूर्वा अयाची ,रिया यादव,पीहू अयाची , प्रिया असाटी, वैष्णवी चौरसिया ने अभिनय कर प्रस्तुति को प्रभावी बनाया जिसे लोगो ने काफी सराहा । इसी यात्रा के दौरान कलाकारों के द्वारा एकीकृत शासकीय कन्या विद्यालय बक्सवाहा में छात्राओं के साथ रंगमंच कला एवम संस्कृति पर केंद्रित वक्तव्य एवम शैक्षणिक भ्रमण भी किया गया एवम युवा पीढ़ी को रंगमंच से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।रंगमंच को संबंधित एवं संरक्षित करने की दिशा में युवा नाट्य मंच का यह प्रयास अनवरत चलता रहेगा।

# एकलव्य विश्वविद्यालय में माई एसबीए की कार्यशाला संपन्न



**दमोह।** कौशल विकास एवं माई एसबीए की भव्य कार्यशाला का आयोजन एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, डॉ.ओमपाल सिंह (डीन एग्रीकल्चर) के निर्देशन एवं डॉ.निधि असाटी के मार्गदर्शन में किया गया। स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक मनोहर भाई ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण अभियान है, रोजगार प्राप्त करें और हर किसी को रोजगार पाने में सहायता करें। 100 प्रतिशत रोजगार युक्त भारत,0 प्रतिशत गरीबी, 100 प्रतिशत समृद्ध भारत माई एसबीए के कैरियर गाइड से जुड़कर आपको अपने करियर के विकास में मार्गदर्शन मिलेगा, विश्वविद्यालय के 400 छात्र-छात्राओं को माई एसबीए की लिंक लोड कराते हुए आहवान किया कि उघमिता और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करेंगे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग समापन, विजेता टीम को प्रदान की ट्राफी



**बनवार।** ग्राम पंचायत पौड़ी के ग्राम बड़ी सगोड़ी मैं आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आज रंग रंगा समापन हुआ। समापन समारोह में आमंत्रित अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला भजिया और बड़ी सगोड़ी के बीच खेला गया भजिया क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 120 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी बड़ी सगोड़ी क्रिकेट टीम ने 11 ओवर में पांच विकेट होकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और खिताबी ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। समापन अवसर पर आमंत्रित अतिथियों में मनदीप यादव जिला भाजपा उपाध्यक्ष रुपेश सेन, खड़क सिंह, मासाब मुलायम जैन ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए जीत की बधाई दी। वही उपविजेता टीम को निरंतर अच्छा खेल खेलने के लिए और मेहनत करने की प्रेरणा दी आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थित रही।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर हुये विविध आयोजन



**बटियागढ़ ।** दमोह जिले के बटियागढ़ थाना परिसर में स्थित मंदिर में हुये धार्मिक कार्यक्रम, जिसमें बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी के मार्गदर्शन में सुबह से ही पुलिस बल के द्वारा प्रत्येक ग्राम में पहुंच कर कार्यक्रमों का निरीक्षण किया गया। तथा शांति पूर्वक कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में संपन्न हुए। अयोध्या धाम में 500 वर्ष बाद श्री राम लला सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसी लेकर बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में बटियागढ़ थाना मंदिर में सुबह से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सुंदर काण्ड भजन मंडली द्वारा संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात लोकगायकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ, तथा विधि विधान हवन पूजन संपन्न हुआ। जिसमें थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे सहित समस्त स्टाफ सहित क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। कन्या भोज के साथ समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं ने प्रसाद तथा गक्कड़ भर्ता, खीर आदि प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, बटियागढ़ तहसीलदार रोबिन जैन, नायब तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, एएसआई बालमुकुंद, प्रधान आरक्षक चंद्रहास, विशाल सैनी, अक्षय मिश्रा, नरेंद्र सिंह ठाकुर,भरत सिंह, नीरज रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला, सहित गणमान्य जन मौजद रहे।

# कायाकल्प की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जबेरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें भोपाल से आए डॉ विनय कुमार रवि द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी, लेबर रूम, पीएनसी वार्ड, लैब, फार्मेसी स्टोर का निरीक्षण करते हुए आवश्यक तथा दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं सहित साफ सफाई देखते हुए निरीक्षण किया। अस्पताल स्टाप द्वारा किए जा कार्यों की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान बी एमओ डॉक्टर डीके राय,मेडिकल ऑफिसर डॉ रवि यादव, फार्मेसिस्ट सुनील सोनी,लेव टेक्निसीयन अशोक आर्य,मेटरनिटी इंचार्ज प्रियंका वासनिक,ज्योति साहू सहित नर्सिंग स्टाप, ब अस्पताल स्टाप की उपस्थिति रही।

# कन्या शाला में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष



रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय की उपस्थिति में शासकीय जे.पी.बी. कन्या विद्यालय दमोह में बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य डी.के. मिश्रा एवं स्कूल स्टाफ सहित छात्रायें उपस्थित रहीं। प्रथम जिला न्यायाधीश डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय ने छात्राओं को बताया कि बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाने के लिए बालिका दिवस मनाया जाता है। उन्होंनें बताया कि छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिये, जिससे वह ज्ञान अर्जित कर सशक्त बन सकें एवं उनका शोषण न हो सके। उन्होंनें पॉक्सो अधिनियम के संबंध में भी छात्राओं को अवगत कराया। जिला न्यायाधीश अम्बुज पाण्डेय ने छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाये जाने का उद्देश्य बेटियों को लेकर हो रहे भेदभाव को दूर करना व समाज में बराबरी का दर्जा दिलाया जाना है, साथ ही अपने विरूद्ध हो रहे अपराधों के विरूद्ध बनाये गये कानूनों का सदपयोग कर अपराधियों को दण्ड दिलाना है। उन्होंनें स्वस्थ मन से लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने अपने उदबोधन में छात्राओं को मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता योजना, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, विधिक सेवा हेल्पलाईन 15100 एवं शिक्षा का अधिकार विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

# बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र/छात्राओं को बेटी बचाओं बेटी पढाओं ,कन्या भ्रूण हत्या बाल विवाह ,एवं बाल मजदूरी जैसे विषयो पर शिक्षको द्वारा चर्चा की गई एवं इन सभी मुद्दो पर अपने ग्राम व आस -पास में जागरूकता फैलाने की बात कही । कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी अवेयरनेस कैंपेन आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्वाचन की घोषणा को आधार मानते हुए, तीन माह पूर्व ई.व्ही.एम.-व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का अवेयरनेस कैंपिंग प्रारंभ किए जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का अवेयरनेस कैंपेन 25 जनवरी 2024 से प्रथमतः जिला कार्यालय, विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय /राजस्व के अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालयों पर ई.व्ही.एम. डेमोंसट्रेशन संेटर (ई.डी.सी.) की स्थापना की जा रही है। जिस हेतु जिला मुख्यालय स्तर पर एवं विधानसभा मुख्यालय स्तर पर बी.यू-02, सी.यू.-02 एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी.-02 ई.डी.सी. सेंटर हेतु प्रशिक्षण वाली ईव्हीएम मशीन प्रदाय की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा निर्धारित दिनांक एवं समय पर जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव स्वयं उपस्थति होने अथवा किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित होने के लिये निर्देशित करने आग्रह किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा तेजगढ़ में सम्पन्न




**दमोह।** पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी एवं भाव सिंह लोधी जबेरा विधानसभा के तेजगढ़ में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने मंच से लोगों को 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर विकसित देश बनाने का संकल्प दिलाया। पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके घर तक आकर आपको योजनाओं का लाभ दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उज्ज्वला योजना सहित अनेको योजनाएं चलाई हैं। भाव सिंह लोधी ने कहा बीमार लोगों के बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान योजना चलाई जा रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने आजीविका मिशन चलाया जा रहा हैं, लोगों का स्वयं के पक्के मकान में रहने का सपना सच कर दिखाया। अब विदेश में भी भारत का मान निरंतर बढ़ रहा है, विकसित भारत बनाने में आमजन भी अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही वंचित हितग्राही शिविर में आकर योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर भारत सिंह, कालूराम सोनी, निर्मला बजाज, हरिसिंह यादव, फरमान खान, विनंजय जैन, बेड़ी सिंह, भोजराज कोष्टी, राजकुमार साहू, प्रेम सिंह, ऋषि दीक्षित, समर सिंह, राजकुमार उपाध्याय, कनेपुर, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीण जन की उपस्थित रही।

# सीएम राईज विद्यालय में हुए विभिन्न आयोजन

**दमोह ।** सीएम राईज विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों में शैक्षणिक भ्रमण और करियर काउंसलिंग के अनुक्रम में एकलव्य विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों को कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विषय में, सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला, नर्सिंग लैब, जीव विज्ञान, करियर कृषि एवं कानून के विषय में कैरियर मार्गदर्शन पर व्याख्यान दिए गए। विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य आरपी कुर्मी द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान सतीश चौबे, पूर्णिमा साहू, प्रतिभा चौरसिया और प्रशांत जैन, संजय खरे भ्रमण में सहयोगी की भूमिका में रहे। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मेला जो की एक्सीलेंस स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, में अपनी सहभागिता दी। मार्गदर्शी शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा और संजय दुबे का विशिष्ट सहयोग रहा। सह अकादमिक गतिविधियों के इसी क्रम में विद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय विद्यालय में आयोजित पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता में सहभागिता की। इन विद्यार्थियों की मार्गदर्शी शिक्षिका हर्षा दुबे का विशेष सहयोग रहा। 26 जनवरी की पूर्व तैयारी के अंतर्गत प्राचार्य कक्ष में समस्त स्टाफ की बैठक का आयोजन किया गया, इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के आयोजन की पूर्व तैयारी में सिंधु राजपूत नृत्य शिक्षिका द्वारा वरिष्ठ प्रचार्य आलोक सोनवलकर के निर्देशन में जयतु भारतम्-थीम पर सामूहिक नृत्य की तैयारी भी कराई गई।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन का प्रशिक्षण किया



**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश राय ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के अत्याधिक आधुनिक तकनीक एडवांस फेकोमल्शिफिकेशन तकनीक से मोतियाबिंद ऑपरेशन का महाराष्ट्र के प्रसिद्ध डॉक्टर महात्मा आई हॉस्पिटल नागपुर से 2 माह ( नवंबर - दिसंबर 2023) का प्रशिक्षण किया। प्रशिक्षण हेतु केंद्र शासन द्वारा चयनित किया गया था। परिजनों, चिकित्सको एवं मित्रो ने उन्हें बधाइयां दी।

## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त सागर संभाग डॉं सिंह ने किया अवलोकन की प्रशंसा

**दमोह।** संभागायुक्त सागर संभाग डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट में बनाये गये नवीन मीटिंग कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षा मिशन सहित अन्य नवीन मीटिंग कक्षों और नव जनसुनवाई हॉल का अवलोकन कर प्रशंसा की। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया नवीन कक्षों में मीटिंग सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह आर एल बागरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

**दमोह।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन के संबंध में आज अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी संबंधित अधिकारी जिन्हें जो-जो व्यवस्थाएं और जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वह उन्हें सुनिश्चित करेंगे। बैठक में वीआईपी के आगमन, ध्वजारोहण, बैठक व्यवस्था, मैदान व्यवस्थाएं आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एडिशनल कलक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत सहित सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, भारत के गौरव और स्वाभिमान की प्राण प्रतिष्ठा है - डॉ सुधा मलैया

# अयोध्या से वापिस लौटी डॉ.सुधा मलैया का हुआ भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

22 जनवरी भारतीय इतिहास में एक ऐतिहासिक दिवस के रूप में सम्मिलित हो गया। इस दिन 500 वर्षों के संघर्ष और बलिदानों के पश्चात अयोध्या में भव्य दिव्य नव्य मंदिर में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई। इस समारोह में दमोह से भारतीय जनता पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ सुधा मलैया को भी आमंत्रण पत्र मिला था एवं डॉ सुधा मलैया प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में सम्मिलित हुई एवं 23 जनवरी को उन्होंने श्री राम लला के दर्शन भी किए। बुधवार दोपहर अयोध्या से दमोह पहुंचने पर सर्वप्रथम डॉक्टर सुधा मलैया ने श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में भगवान जागेश्वर नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उसके पश्चात दमोह पहुंची। दमोह पहुंचने पर डॉक्टर सुधा मलैया का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समन्ना, धरमपुरा से राम भक्तों ने डॉक्टर सुधा मलैया की अगवानी की एवं उन्हें पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला पहनकर स्वागत किया तदुपरांत स्वागत रैली के माध्यम से शहर के मुख्य मार्ग से होते स्वागत रैली धरमपुरा, बड़ापुरा, पुराना थाना, शिवाजी चौक, बकौली, घंटाघर, स्टेशन चौराहा, तीन गुल्ली से होते हुए स्वागत रैली मलैया मिल परिसर पहुंची, जहां ओजस्विनी महाविद्यालय एवं एकलव्य विश्वविद्यालय के संपूर्ण स्टाफ द्वारा डॉक्टर सुधा मलैया का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मलैया मिल पहुंचने पर डॉक्टर सुधा मलैया ने सर्वप्रथम परिसर में स्थित जैन मंदिर में स्तुति की, परिवार जनों ने उनकी आरती उतार कर स्वागत किया।

## डॉ सुधा मलैया ने सुनाए राम जन्मभूमि आंदोलन से संबंधित संस्मरण

अयोध्या से दमोह लौटने पर डॉक्टर सुधा मलैया ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया जिसमें उन्होंने कहा श्री राम जी के की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो गई एवं 5 वर्ष के रामलला विराजमान हो गए। 1949 में प्रकट हुए 7 इंच के रामलला भी नव्य मंदिर में विराजमान हो गए। रामलाल वहीं विराजमान हुए जहां वह 1949 से 1992 तक विराजमान थे। उसके पश्चात वह अस्थाई रूप से टेंट में विराजमान थे, अब रामलाल स्थाई निवास में पहुंच गए हैं। जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब रामलला को टेंट में नहीं रहना पड़ेगा, रामलला की भव्यता, महिमा भारत के गौरव स्वाभिमान के अनुरूप उनका उनका स्थान प्राप्त हो गया है। यह राष्ट्रीय गौरव का विषय है यह धार्मिक विजय नहीं है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के गौरव व स्वाभिमान की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। श्रीमति मलैया ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन को विश्व हिंदू परिषद व भारतीय जनता पार्टी ने गति दी , परंतु आंदोलन तो तभी प्रारंभ हो गया था जब क्रूर बाबर के निर्देश पर 1528 में उसके सेनापति मीर बाकी ने राम मंदिर को तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। श्री राम भारतीय संस्कृति व आदर्श के प्रतीक हैं है। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का कठोर तप किया। यह मेरा सौभाग्य है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुझे सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। रामलला की मोहक छवि का दर्शन प्राप्त हुआ। मेरे लिए बहुत ही गौरवपूर्ण क्षण था यह आनंद करने वाला हर्षित करने वाला क्षण था और मैं इसकी साक्षी बनी। 5 अगस्त को भूमि पूजन के पश्चात भी मुझे 6 अगस्त को रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था मुझे रामलला के ऐसे दर्शन हुए कि मैं अभीभूत हो गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ सुधा मलैया ने आगे कहा कि 1528 से 1949 और राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने तक 500 वर्षों तक एक लंबे समय तक यह आंदोलन चला। मैं धन्यवाद करूंगी 1949 में तत्कालीन जिलाधीश सिटी मजिस्ट्रेट एवं महंत रामदास जी का जिनके समय रामलला प्रकट हुए। इसी कारण हम यह केस जीत पाए। 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद 12 दिसंबर को जब अयोध्या में मार्शल लॉ लगा था के बीच में अयोध्या गई वहां मलवे में अवशेषों के फोटो लिए एवं उनकी छाप से उनका अर्थ निकलवाया। सभी दस्तावेज व फोटो मैंने विश्व हिंदू परिषद को सौंप दिए। सभी सबूत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए गए जो मान्य हुए। मेरे द्वारा एक पुस्तक लिखी गई है जिसका शीर्षक है कथा राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की जिसका विमोचन शीघ्र ही होगा।

# संभागायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त सागर संभाग डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की गतिविधियों एवं फोटो परिचय पत्र सबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने अब तक की गई गतिविधियों की पॉवर पाइंट के माध्यम से जानकारी दी। संभागायुक्त डॉं रावत ने बैठक में मौजूद राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा की और कहा कोई बात या समस्या हो तो बतायें। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगणों में लालचंद राय, सुरेश कुमार छाबड़ा, रामलाल उपाध्याय, गोवर्धन राय, ब्रजेश चौधरी, अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, एसडीएम दमोह आरएल बागड़ी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत ने बीएलओ द्वारा प्रस्तुत किये गये फार्म 06, 07 एवं 08 का अवलोकन किया। रोल प्रेक्षक ने बीएलओ द्वारा की गई कार्रवाई के सबंध में जानकारी भी ली और किये गये कार्य पर संतोष जताया।

## स्टेडियम में रिहसल परेड का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दमोह।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर रिहर्सल परेड का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में कलेक्टर मयंक अग्रवाल की मौजूदगी में किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्टेडियम का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, एडीएम मीना मसराम, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, सीएसपी अभिषेक तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विभाग श्री अठ्या, आरआई/यातायात थाना प्रभारी हेमंत बरहैया, टीआई कोतवाली आनंद सिंह, टीआई दमोह देहात विजय सिंह, सूबेदार अभिनव साहू, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, विपिन चौबे, सुनील जैन सहित और भी अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस ने पकडा पांच किलो गांजा

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया था। कोतवाली पुलिस द्वारा पांच किलो गांजा जब्त कर कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य मे दिनाँक 23.01.24 को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई पथरिया फाटक के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गाँजा लिये है। जो कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से कुल 05 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गाँजा जप्त किया गया । उक्त आरोपी के नाम पूछा जिसने दयाराम पिता रामदास पटैल उम्र 38 साल निवासी पडवी मडकरा रामनगर मैहर का होना बताया । उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय पेश किया गया सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम- थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आनंद सिह ठाकुर, उनि. चंदन सिह, आरक्षक विष्णु, ब्रजेन्द्र, मनोज पाण्डेय आदि की मौजूदगी रही।

## बाल कलाकारों ने किया रामलीला मंचन



**दमोह।** नगर की विवेकानंद कॉलोनी स्थित श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर शिवालय में प्रभु श्री राम के अयोध्या में विराजमान होने पर 22 जनवरी को रामलीला का मंचन कर आनंद उत्सव मनाया। छोटे छोटे बच्चों ने श्रीराम,माता सीता जी , हनुमानजी जी, दसानन रावण, के स्वरूप में बाल लीला, के साथ स्वयं वर , सीता हरण, रावण वध का मंचन किया गया।बैंड बाजे के साथ मनमोहक श्री राम राजा सरकार की जीवंत झाँकी श्री मनसा पूरन मंदिर से निकाल कर विवेकानंद कॉलोनी, प्रॉफेसर कॉलोनी होते हुए मंदिर पहुंची।जहां सभी ने श्री राम उत्सव में बैंड बाजे पर खूब बधाई नृत्य किया। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## एसडीएम ने बालिकाओं को दिये टिप्स



**पटेरा।** हाई स्कूल राजाबंदी में बालिका दिवस के उपलक्ष्य में हटा एसडीएम मैडम रीता डेहरिया ने बालिकाओं को सफलता के गुर बताए। उन्होंने कहा कि आज बेटा बेटियों में कोई अंतर नहीं रहा। सभी बालिकाओं को निर्भीक होकर अपना केरियर चुनना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश गूजरे सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह



**दमोह।** टॉपर्स को मिला डॉक्टर श्रीमती पीवी लाल स्मृति अवार्ड डॉ विजय लाल स्मृति महाविद्यालय दमोह में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2022-23 प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एवं पूर्व प्राचार्य डॉ श्रीमती पी वी लाल स्मृति अवार्ड एक गरिमा पूर्ण कार्यक्रम में एम आई सी एस प्रबंधन समिति द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ विजेयता अग्निभोज द्वारा प्रार्थना से की गई तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक डॉ श्रीमती शीला लाल, विशिष्ट अतिथि शानित लाल, प्राचार्य डॉ वंदना चरण, नवजागृति शाला की प्राचार्य श्रीमती रुबीना डेनियल, श्रीमती प्रतिमा प्रसाद तथा डॉ आलोक सोनवलकर ने दीप प्रज्वलन तथा डॉ श्रीमती पी वी लाल के चित्र पर माल्यार्पण से की। महाविद्यालय की छात्राओं हर्षित मिश्रा, खुशी मोदी, सान्या चौरसिया, महिमा तिवारी द्वारा स्वागत गीत तथा भागवती सिंह द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ।आयोजन का प्रयोजन सहा प्राध्यापक प्रदीप यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों अभिनव सोनवलकर, सिमरन खत्री, आयुषी राजपूत तथा नाजिया शेख को डॉ पी वी लाल स्मृति अवार्ड स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा नगद पुरस्कार राशि मुख्य अतिथि डॉ श्रीमती शीला लाल तथा शानित लाल द्वारा प्रदान किए गए। महाविद्यालय की छात्राओं यशस्वी जैन द्वारा शास्त्रीय नृत्य तथा रोशनी सोनी द्वारा कथ्थक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मप्र ने तमिलनाडू को किया पराजित

**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल मे चेन्नई मे खेली जा रही जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता मे सुबह खेले गये मैच मे हॉकी मध्य प्रदेश की बालिकाओ ने कोच सरोज राजपूत,नेहा रावत की कुशल रणनीति से तमिलनाडु को बारह शून्य गोल से पराजित किया। सेमीफाइनल मे जगह बनाई मैच मे सोनम ने तीन गोल सोनिया भूमिछा खुशी प्रणीत ने दो दो गोल तथा गुरमेल ने एक गोल किया। पूल मे टीम ने कल छत्तीसगढ को एक शून्य गोल से पराजित कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। टीम पूल मे टीम प्रथम स्थान पर रही टीम की विजय पर संरक्षक जयंत मलैया विधायक, विजय वर्मा, अजू टंडन, डा अजय लाल, महासचिव लोकबहादुर, कोषाध्यक्ष ललित नायक, सहसचिव जगेनदर तोमर, हरिशंकर, राजेश, भगवान सिंह, आभा रोहित, कोच कफील आरिफ, फैयाज, विकास जैन, तरुण इमरान, असार किशन, राजीव खोसला आदि ने बधाई दी है।

## प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में पुनः घटिया निर्माण



**पथरिया।** जैसे ही विधानसभा पथरिया सामान्य सीट हुई तो 2008 में तत्कालीन विधायक व कृषि मंत्री डा रामकृष्ण कुसमरिया के कार्यकाल में क्षेत्र में मंडी बोर्ड से बड़ी संख्या में सड़क निर्माण कार्य हुए। ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष की गारंटी दी गई पर ठेकेदार द्वारा मंडी बोर्ड की सड़कों का मरम्मत कार्य नही किया गया जिससे बनने के कुछ समय बाद भी जर्जर हो गई जो वर्ष 2023 तक डले रहें। वही चुनाव के करीब 4-5 महीने पहले ही इन्ही मंडी बोर्ड की सड़कों का निर्माण कार्य की स्वीकृत मिली। लेकिन अब मंडी बोर्ड की सड़कें प्रधानमंत्री सड़क योजना में शामिल कर दी गई है। सड़कों का निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को राजनैतिक संरक्षण रहता है जिससे कोई वह किसी भी सामग्री का उपयोग करते रहे। कोई जांच नहीं की जाती है जिससे घटिया सामग्री का उपयोग होता रहता है। बोतराई रोड से लखरौनी तक बनने वाली सड़क का भी ऐसा ही हाल है कि पुलिया निर्माण कार्य में ठेकेदार ने रेत की जगह डस्ट का उपयोग कर दिया। उपयंत्री जिनके जिम्मेदारी है उनको देखने तक समय नही है। ऐसे में कितनी गुणवत्ता युक्त सड़क बनेगी यह खुद समझ सकते हैं। क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी उक्त सड़क मार्ग की जांच करायेगें ऐसी जनापेक्षा है।

# लोस चुनाव की रणनीति को लेकर हुई कांग्रेस की महाबैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लोकसभा की आठो विधानसभा बंडा, रहली, बड़ामल्हरा एवं जिले की चारो सीटो से आये समस्त कांग्रेस नेताओं की महाबैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक लखन घनघोरिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि हम पुनः नव उर्जा के साथ नई कार्ययोजना के साथ जनता के बीच जायेगें। भाजपा ने जो पिछला चुनाव छल पूर्वक जीता है और उन्होंने सरकार बनते ही अपने वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर दिया वह सब आमजन इनकी नीति नियति देख रही है। जिला संगठन प्रभारी श्रीराम पाराशर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, सागर जिलाध्यक्ष आनंद अहिरवार ने भी कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है गुस्सा है लेकिन हमें बीती बात भुलाकर पुनः इन साम्प्रदायिक ताकतो के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करना है। विधानसभा के प्रत्याशी प्रताप सिंह, राव बृजेन्द्र सिंह, प्रदीप खटीक, तेजीराम रोहित, संतोष भारती, लालचंद राय, वीरेन्द्र दबे, कमलेश उपाध्याय, सतीश जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, गौरव पटेल, मानक पटेल, परम यादव, कमलेश साहू, सौरभ हजारी, जीवन पटेल, लक्ष्मण सींग, मनीषा दुबे, निधि श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, मंजीत यादव, राशु चौहान, कोमल अहिरवार, कमला निषाद, ने कहा भाजपा केवल धार्मिक मुद्दों को फैलाकर वोटे लेना चाहती है जबकि बिजली के बिलों को खाद्य बीज का टोटा बढ़ती मंहगाई बेरोजगारी पर भाजपा बोलना नहीं चाहती। आज के युवा को किस दिशा में ले जाना चाहती है भाजपा सरकार। इस अवसर पर जबेरा, हटा, बटियागढ़, पथरिया, तेन्दूखेड़ा के ब्लाक अध्यक्षों समेत प्रजु यशोधरन, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, गीता लोधी, राव लखन सिंह, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, शुभम तिवारी, बाबूलाल पटैल, डीपी पटेल, विजय बहादुर सिहं, मदन सुमन, अरूण मिश्रा सहित सैकड़ो कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुये आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




शासकीय एकीकृत शाला हाई स्कूल रंजरा ,दमोह में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य महोदया श्रीमती आभा नायक की अध्यक्षता में 100 मी दौड़ बिस्किट दौड़ एवं विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के तौर पर सरपंच महोदया श्रीमती सोना बाई लोधी एवं आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती मीराबाई लोधी के द्वारा की गई ।जिसमें सभी शिक्षकों की उपस्थिति एवं समस्त छात्र एवं स्कूल स्टाफ की मौजूदगी रही। प्रतियोगिता की शुरुआत हाई स्कूल से बालिका वर्ग में 100 मी दौड़ करवाई गई जिसमें कक्षा नवमी की बालिका भावना लोधी द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया । इसी प्रकार मिडिल स्कूल में बालिका वर्ग में कक्षा सातवीं की बालिका क्रांति पटेल द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया । एवं प्राथमिक विभाग से कक्षा तीसरी की छात्रा ने बिस्किट दौड़ प्रतियोगिता में क्रांति लोधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । एवं आभार विद्यालय के शिक्षक कपिल खरे व्यक्त किया एवं हाई स्कूल खेल प्रभारी मैडम श्रीमती बैजंती कुम्हार के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। राहुल स्वर्णकार एवं चंदन सिंह ठाकुर विशेष योगदान रहा। व शिक्षक लाखन सिंह ठाकुर, सीताराम गौड, दुर्गेश राठौर, महेश अहिरवाल आदि सभी की सराहनीय उपस्थिति रही।